# कुलसचिव कार्यालय

## लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ–226007

Web. : www.lkouniv.ac.in, E-mail : registrar@lkouniv.ac.in, Phon/Fax : 0522-2740412

संदर्भ संख्या :............................/सम्बद्धता/2020

दिनांक :.......................................

ई–मेल/अत्यावश्यक

## कार्यालय–ज्ञाप

प्रबन्धक/प्राचार्य/प्राचार्या,
समस्त सहयुक्त महाविद्यालय,
लखनऊ, विश्वविद्यालय, लखनऊ।

महोदय,

सूच्य है कि कोविड–19 के दृष्टिगत उ0प्र0 शासन द्वारा जारी लॉकडाउन की अवधि में स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों/पाठ्यक्रमों में कार्यरत शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के वेतन भुगतान किये जाने सम्बन्धी पूर्व में भी शासन द्वारा निर्देश दिए गए हैं जिसके कम में विश्वविद्यालय द्वारा भी निर्देशित किया गया है। उत्तर प्रदेश स्ववित्तपोषित महाविद्यालय शिक्षक महासंघ, राजाजीपुरम, लखनऊ द्वारा भी विश्वविद्यालय को पत्र प्रस्तुत कर स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों/पाठ्यक्रमों में कार्यरत शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के वेतन भुगतान किये जाने का आग्रह किया गया है।

अतः शासन द्वारा पूर्व निर्गत दिशा निर्देशानुक्रम में पुनः निर्देशित किया जाता है कि स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों/पाठ्यक्रमों में कार्यरत शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के वेतन का नियमानुसार भुगतान सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

भवदीय

(डॉ0 विनोद कुमार सिंह)
कुलसचिव

संख्या: AF- 9072-79 दिनांक: 08/06/2020

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. सचिव कुलपति को मा0 कुलपति महोदय के सूचनार्थ।
2. इंचार्ज, वेबसाईट/कम्प्यूटर केन्द्र को इस आशय से प्रेषित कि विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड करने एवं समस्त सहयुक्त महाविद्यालयों को ई–मेल से प्रेषित करने का कष्ट करें।
3. डॉ0 जितेन्द्र मिश्र, प्रदेश अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश स्ववित्तपोषित महाविद्यालय शिक्षक संघ, 545क/आर वी, 977, राम बिहार कालोनी, पारा रोड, राजाजीपुरम, लखनऊ–226017।
4. गार्ड फाईल।

कुलसचिव